केन्द्रीय अकादमी, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर के विद्यार्थियों का आफरी दौरा

केन्द्रीय अकादमी, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर के कक्षा 12 वीं के 46 छात्र-छात्राओं ने 6 जुलाई 2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। आफरी निदेशक श्री एन.के. वासु भा.व.से., ने बताया कि, इस अवसर पर विद्यार्थियों को आफरी के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. एन.के. बोहरा ने आफरी का परिचय देते हुए संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत करवाया । डॉ. बोहरा ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण करने एवं अधिकाधिक पौध रोपण पर उनका संरक्षण करने का आह्वान किया । डॉ. बोहरा ने विद्यार्थियों को वन एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक होने एवं

जनचेतना के प्रयास करने की अपील की । कार्यक्रम में शहरी वानिकी का महत्व बताते हुए शुष्क क्षेत्रों में पाये जाने वाले स्थानीय वृक्षों एवं उनके महत्व तथा शहरी वानिकी हेतु उपयुक्त पादपों के बारे में भी विस्तार से बताया । विद्यार्थियों को आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी कराया गया। जिसमें डॉ संगीता सिंह, बिन्दु निर्वाण, प्रियंका गरवाल, कौशल सिंह, आदि ने विभिन्न प्रायोगिक जानकारियाँ दी। विद्यार्थियों को टिश्यूकल्चर प्रयोगशाला का भ्रमण कराकर पौधों को तैयार करने की तकनीक बताई गई।

छात्र-छात्राओं को आफरी के निर्वचन एवं विस्तार परिसर का भ्रमण भी करवाया गया । कार्यक्रम का संचालन आफरी के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. एन. के. बोहरा ने किया, श्री रतना राम, श्री तेजाराम, श्री ज्योतिप्रकाश चोबे ने सहयोग प्रदान किया । केन्द्रीय अकादमी की तरफ से मैडम्, अनिता चतुर्वेदी ने भी आफरी के बारे में उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त की । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का प्रत्युत्तर भी दिया गया । केन्द्रीय अकादमी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड शाखा की प्रिन्सिपल श्रीमती रश्मी बिश्नोई ने बताया कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न शोध संस्थाओं का भ्रमण कराकर उपयोगी जानकारियाँ देने से लाभ होता है।